050 सूरह काफ. का मुख्तसर लफ़्ज़ो मे खुलासा.

नोट.- ये PDF फाइल कोई भाषा या व्याकरण नही हे,

बल्कि दीन-ए-इस्लाम को समझने के लिये हे.

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहिम.

• इस मुबारक सूरह मे मुख्तलिफ तरीको से नेक आमाल का अच्छा बदला और बुरे कामो की सझा और रोझे मेहशर का झिकर हे.

| कुरान मजीद की कसम!

इन काफिरो ने किसी समझमे ना-आने वाली दलील की बुन्याद पर आप्का इन्कार नही किया बल्की उन्को इस बात पर ताज्जुब हुवा हे उन्ही मेसे एक डराने वाला कैसे पैदा हो गया? वो केहते थे कि मरने के बाद झिन्दा होना एक दूर की यानी ना समझमे आने वाली बात हे. ये कयामत का इन्कार करने वाले देखे कि उन्के उपर आसमान को कैसे खूबसूरती से बनाया हे और उसने(अल्लाह) उस्मे कोई फटन (क्रेक) नही छोडी. उसने झमीन बिछाई और उस्पर पहाड खडे किये और झमीन के अन्दर से निकलने वाली कैसी-कैसी खूबसूरत चिझे पैदा की. तो जिस तरह हम मुर्दा झमीन को झिन्दा करते हे इसी तरह हम इन मुर्दो को भी झिन्दा कर लेगे. इन्से पेहले भी नूह (अल) की कौम, कुवे वाले, समूद, आद, और फिरौन की कौम, और लूत (अल) की कौम, शोएब (अल) की कौम, और तुब्बअ की कौम, ये सब रसूलो का इन्कार कर चुके हे, और कयामत को झुठला चुके हे. जब उन्पर हमारा

अझाब आगया तो आज के ये काफिर कैसे हमारे अझाब से बच जायेंगे.

| नेक कामो का अच्छा बदला और बुरे कामो की सझा एक यकीनी काम हे.

हमने इन्सान को पैदा किया, और हम उस्के दिल मे आने वाले वसवसे और ख्यालो को भी अच्छी तरह जानते हे. हम उस्की शह-रग (वो नस जिस्पर आदमी का जीवन निरभर हो) उस्से भी जियादा करीब हे और हमारे दो लिखने वाले फरिश्ते उस्के दाये बाये उन्के हर काम को लिख रहे हे. कोई लफ्झ झुबान से नही निकलता, मगर ये उस्को मेहफूझ कर लेते हे. फिर एक रोझ मौत की वजह से उस्की सांस उखडने लगेगी और कहा जायेगा इसीसे तो तू भागता था और जब सूर फूंका जायेगा तो हर शख्स अल्लाह के सामने इस हाल मे पेश होगा की उस्के साथ एक हांकने वाला होगा और एक गवाही देने वाला, इस्लीये हर जिद्दी, नाशुक्रा, माल मे कंजूसी करने वाला, शक मे गिरफ्तार, जहन्नम मे फेंक दिया जायेगा और वहा उस्का साथी शैतान भी उसीके साथ जहन्नम मे फेंक दिया जायेगा. तब वो (शैतान) कहेगा ये तो खुद गुमराह था मेने इस्को गुमराह नही किया था. उस वकत उन्से सख्ती से कहा जायेगा, मेरे सामने लडने झगडने की झरूरत नही. तुम्को तुम्हारे बुरे आमाल के बुरे अंजाम से पेहले ही (दुनिया मे) खबरदार किया जा चुका था. लिहाझा आज मेरे फैसले बदलते नही और ना-मे किसी बन्दे पर झुल्म करने वाला हु.

| आखिरत के आझाब से नजात कैसे हो.

उस दिन हम जाहन्नम से कहेंगे, क्या तू भर गई? तो वो कहेगी कि क्या कुछ और भी हे? और फिर जन्नत उन परहेझगारो के करीब कर दी जायेगी जो बिन देखे अपने रब से डरते रहे और अल्लाह के सामने कल्बे सलीम (गुनाह छोडकर अल्लाह की तरफ लोटने वाला दिल) लेकर हाजिर हुवे. ए मुहम्मदﷺ हम आप्के इन दुश्मनो से पेहले के वो काफिर जो इन्से बहुत ताकतवर थे उन्को हलाक कर चुके हे. फिर जब हमने उन्को पकडा तो उन्को कोई पनाह ना मिली और जिस्को जर्रा बराबर भी होश और समझ हो उन्के लिये इन वाक्यात मे बडी नसीहत हे और उन्को बतादो हमने झमीनो और आसमानो को 6 दिनो मे पैदा किया और उन सबको बनाने मे हमे कोई थकान नही हुई. लिहाजा आप उन्की बेहूदा बकवास पर सबर करे और फज्र के वकत और असर के वकत और रात को भी और नमाझ के बाद भी अल्लाह की तस्बीह मे मशगूल रहे और वो वकत भी याद करने के काबिल हे जब सूर फूंका जायेगा, तो हर शख्स झिन्दा होकर जी उठेगा. झमीन फट पडेगी और लोग उस्के अन्दर से निकल कर तेज-तेज दौडते भागते हुवे जा रहे होंगे. आप्का काम उन्को जबरदस्ती मुसलमान बनाना नही हे इस्लीये आप कुरान मजीद के जरीये से हर उस शख्स को नसीहत करे, जो मेरी तम्बीह और मेरी डांट से डरता हे.

खुलासा मज़ामीने कुरान उर्दू किताब. | मौलाना मलिक अब्दुर्रउफ साहब.